Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Niwai in Tonk-Sawai Madhopur Lok Sabha Constituency, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निवाई विधान सभा के लोगों की काफी पुरानी मांग है कि निवाई में एक नया केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला टोंक में केन्द्रीय विद्यालय है परंतु यह निवाई से काफी दूर पड़ता है जिससे कि निवाई विधान सभा के बच्चों को टोंक शहर में आना असंभव है औरा कोरोना काल में प्राइवेट स्कूल वाले ना तो सही तरीके से पढ़ाई करा रहे हैं और अपनी मनमर्जी से फीस ले रहे हैं जिससे कि गरीब आदमी चाह कर भी अपने बच्चों को अच्छी पढ़ाई नहीं दे पा रहा है । इस विधानसभा के अंतर्गत लगभग 75 पंचायत और एक नगरपालिका आती है और लगभग 30,000 लोग रहते हैं और इस क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई में काफी रूचि है । वहां के बच्चों ने भी मुझे ज्ञापन दिया कि हमारे एरिया में केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए । इस विषय में मेरी मंत्री जी से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के निवाई शहर में एक नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने का कष्ट करे जिससे कि आने वाले समय में निवाई विधान सभा के लोगों को इसका लाभ मिल सके ।